भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल – 17

:**Phone** 2661263,2737446 **Fax**: 2661263 **Website**:bsgmp.net **E_mail**:bsgmadhypradesh@gmail.com

क्र0/ 3393 /रा0मु0/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनाक 30/10/2017

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास
   पदेन जिला मुख्य आयुक्त जिला..................................(म0प्र0)।
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय कार्यालय ....(म0प्र0)।

विषय :– सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** का आयोजन

सन्दर्भ :– राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली का पत्र क्र0/स्पेशनल/2017 भोपाल दिनांक 28/10/2017

----000----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित पत्रानुसार दिनांक 31 अक्टूबर 2017 सरदार पटेल वल्लभभाई पटेल के जन्म दिन को **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाया जाना है । अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त दिवस ग्रुप, ब्लाक, जिला व संभाग स्तर पर एकता रैली, एकता दौड़, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता अनिवार्य रूप से आयोजित कर प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग प्राप्त कर राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें जिससे जानकारी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली को भेजी जा सके ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0/ 3394 /रा0मु0/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनाक 30/10/2017

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु–

1 संचालक, भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नईदिल्ली ।
2 सहायक संचालक (प0क्षे0) पश्चिम क्षेत्रीय मुख्यालय गदपुरी (हरियाणा)
3 संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग .... ।
4 संभा0उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास संभाग ....।
5 जिला सचिव/डी0ओसी0/डी0ओ0सी0/प्रशिक्षक ....।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

–: राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ :–

मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता, और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा । मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका । मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूँ ।